स्मृतिफलितसमस्ताभीष्टमुद्यद्दिनेश । प्रतिभटनिजशोभाशान्त विघ्नान्धकारम्
कमपि शिवभवान्योरंकसौभाग्यमन्तः । सुरमणिमवलम्बे चारु लम्बोदराख्यम्

मुझे उद्विग्न मतकरो ! अपने चूहेके साथ खेलनेदो !

अपने गुरुदेवसे प्राणायाम द्वारा षट्चक्रोंके
बेधने तथा कुण्डलिनीके जगाने
की
शिक्षा लेकर ब्रह्मरन्ध्रतक पहुंच
परब्रह्मसे जामिलो !

श्री १०८ स्वामी हंसस्वरूपजी महाराज ।

ॐ

॥ तत्सद्ब्रह्मणे नमः ॥

श्री १०८ स्वामिहंसस्वरूपविरचितं

॥ षट्चक्रनिरूपणचित्रम् ॥

—:०:—

ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोर घोरतरेभ्यः ।
सर्वेभ्यः शर्व सर्वेभ्यो नमस्ते अस्तु रुद्ररूपेभ्यः ॥

(तै० आ० प्रपा० १० अ० १६)

यस्मिन्दर्पणविम्बजृम्भितपुरीसंदर्भतुल्यं जगत् ।
भातं यत्परसंविदो यत इदं रूप्यादिवल्लीयते ॥
यस्याज्ञानविजृम्भिता परभिदा वारीन्दुभेदादिवत् ।
तं भूमानमुपास्महे हृदि सदा वामार्धजानिं शिवम् ॥

प्रिय पाठकगण ! उस परब्रह्म जगदीश्वरने जितनी अद्भुत रचना अपने स्थूल बृहद्ब्रह्माण्ड अर्थात् विराट मूर्तिमें की हैं वे सब ठीक २ जैसी की तैसी इस साढे तीन हाथके शरीरमें भी रचदी हैं; अर्थात् भूः भुवः स्वः इत्यादि सप्तलोक ऊपर अतल, वितल, सुतल इत्यादि सप्तलोक नीचे और सूर्य्य, चन्द्र, नक्षत्र, सागर, पर्वत, वृक्ष, नद, इत्यादि जो कुछ इस ब्रह्माण्डमें प्रगट रूपसे देखपडते हैं वे सबके सब इस क्षुद्र ब्रह्माण्ड अर्थात् आपके शरीरमें ज्योंके त्यों स्थित हैं, तात्पर्य्य यह है कि शरीर सम्पूर्ण ब्रह्माण्डका प्रतिविम्ब है, जैसे एक चित्रकार (Photographer) अपने फोटोके कांच (Lens) होकर मुम्बई सदृश किसी बडे शहर को चार अंगुलके पत्र पर ज्योंका त्यों प्रतिबिम्बितकर चित्रित करडालता है उसी प्रकार सृष्टिकर्तारूप अत्यन्त चतुर चित्रकार (Photographer) ने मायाके कांच होकर पंचभूतके अत्यन्त छोटे पत्र पर अनन्त कोटि योजन विस्तार ब्रह्माण्डको चित्रित कर दिखाया है।

॥ प्रमाण ॥

देहेऽस्मिन् वर्तते मेरुः सप्तद्वीपसमन्वितः । सरितः सागराः शैलाः क्षेत्राणि क्षेत्रपालकाः ॥ १ ॥ ऋषयो मुनयः सर्वे नक्षत्राणि ग्रहास्तथा । पुण्यतीर्थानि पीठानि वर्तन्ते पीठदेवताः ॥ २ ॥ सृष्टिसंहारकर्तारौ भ्रमन्तौ शशि भास्करौ । नभो वायुश्च वह्निश्च जलं पृथ्वी तथैव च ॥ ३ ॥ त्रैलोक्ये यानि भूतानि तानि सर्वाणि देहतः । मेरुं संवेष्ट्य सर्वत्र व्यवहारः प्रवर्तते ॥ ४ ॥ जानाति यः सर्वमिदं स योगी नात्र संशयः । ब्रह्माण्डसंज्ञके देहे यथा देशं व्यवस्थितः ॥ ५ ॥

(शिवसंहितायां द्वितीयः पटलः)

अर्थात् जो प्राणी एवम् प्रकार मेरुदण्ड [Spinal chord] से लिपटे हुए सातों द्वीप, सरित, सागर, शैल, क्षेत्र, क्षेत्रपाल, ऋषि, मुनि, नक्षत्र, ग्रह, पुण्यतीर्थ, सिद्धपीठ, पीठोंके देवता, सृष्टिसंहार करने वाले सूर्य्य,चन्द्र, आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी, इत्यादि को गुरुद्वारा शिक्षा पाकर पूर्णप्रकारसे इस देहरुपी ब्रह्माण्डमें जानता है वही योगी है इसमें सन्देह नहीं ।

प्रिय पाठकगण ! इतनाही नहीं किंतु उस चित्रकारने इस पंचभौतिक शरीरमें औरभी अनेक प्रकारकी अलौकिक रचनाओंको अपनी अद्भुत सत्ता द्वारा ऐसी चतुराइके साथ गोपनीय रखी है जिनके जाननेके लिये प्राचीन ऋषी महर्षियोंने चिरकाल पर्य्यन्त तपकिया और जब जाना परमानन्दमें मग्न होगये, जैसे " तैत्तिरीयोपनिषद्के तृतीयाध्याय भृगुवल्ली " में लिखा है कि—

भृगुर्वै वारुणिः वरुणं पितरमुपससार अधीहि भगवो ब्रह्मेति ।

अर्थात् एकबार वरुणके पुत्र भृगुने अपने पिताके समीप जाकर प्रार्थना की कि हे पितः! मुझको ब्रह्मका बोध करावो तब " तथंहोवाच । तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व तपो ब्रह्मेति स तपोऽतप्यत स तपस्तप्त्वा " पिताने उत्तर दिया, तपके द्वारा उस ब्रह्म को जान क्योंकि तपही ब्रह्म है तब भृगुने तपस्या की और तप कर नीचे लिखी गुप्त वस्तुओं को इस शरीरमें जाना ।

१. अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्
२. प्राणो ब्रह्मेति ,,
३. मनो ब्रह्मेति ,,
४. विज्ञानंब्रह्मेति ,,
५. आनन्दो ब्रह्मेति ,,

श्रुतियोंको संक्षिप्तकर दिखलायागया है जिज्ञासुओंको चाहिये कि "तैत्तिरीयोपनिषद्" देखें।

उक्त श्रुतियोंसे स्पष्ट देखपड़ता है कि यह शरीर नाना प्रकारके आश्चर्य्यमय पदार्थोंका भण्डार है जिसमें उस परमात्माने **अन्न, प्राण, मन, विज्ञान, और आनन्द** रूप होकर प्रवेश किया है, अर्थात् इस शरीरमें ये पांच कोष हैं जिनमें एक २ को भली भांति जान कर जिज्ञासु ब्रह्मानन्द लाभ करताहै, अतएव इन पांचोमें से प्रथम**अन्नमयकोष**काभेद इस स्थानमें जनायाजाता है।

प्रिय पाठकगण ! बहुतेरे सन्तोंने भाषामेंभी कहाहैः—

॥ पद ॥

कायागढ़ अजब बनाई सन्तो निरखहु मन ठहराई ॥ सत्तर हाट बहत्तर कोठा चौंसठ यन्त्र लगाई । सो सबई खोजो मेरे भाई जिन यह महल बनाई ॥ कायागढ ० ॥ पांच पवनियांमें एक नागर एके राह चलाई । भाव विना कछु कहत बनत नहिं राखहु मनहिं छिपाई ॥ कायागढ ० ॥ कहत कबीर सुनो भाइ साधो छाड़हु सब चतुराई । दश दरवजवा जब यम घेरे तब कहां जाहु पराई ॥ कायागढ ० ॥

॥ पद ॥

कोइ लोढ़त सन्त सुजान कायाबन फूलिरही ॥ १. एका एक मिले गुरु पूरा मूलमंत्र जो पावे । सकल साधु की बानी बूझे मन प्रतीत बढ़ावे ॥ कोइ लो ० २. ॥ दूका दुइ तजो नर दुविधा रज सत तमगुण त्यागो । सतगुरु मारग ऊर्ध निरखो क्या सोये उठिजागो ॥ कोइलो० ३. ॥ तीया तीन त्रिवेणी संगम जहां अगम स्थाना । ईर्षा तृष्णा मारिके कोई सज्जन कर स्नाना । कोई लो० ॥ ४. चौथे चार चतुरनर सोधे चौथे पदको लागे । चढ़िके प्रेमहिंडोला झूले चितवत मन अनुरागे ॥ कोइ लो० ॥ ५. पांचे पांच पचीसों वश कर सांच हिया ठहरावे । ईड़ा, पिंगला, सुषुमन सोधे ध्रुवमण्डल उठि धावे ॥ कोई लो० ॥ ६. छठवें छवों चक्र धरि बेधे शून्य भवन मनलावो । विकशित कमल हियाको परिचे तब चन्द्रा दरसावे ॥ कोई लो० ॥ ७. सातें सात सहज धुनि उपजे सुनि २ आनन्द बाढे । ऐसो दीन दयाल सांच गुरु बूड़त भवजल काढ़े ॥ कोई लो० ॥ ८ आठे आठ गगनगुंफा में दृष्टि लगावे सोइ । आतमसे परमातम चीन्हे

ताहि तुझे नहिं कोई ॥ कोई लो० ॥ ६ ॥ नउये नवो द्वार होइ निरखो जगे जगामग ज्योती। दामिनि दमकै अमृत बरसे झरे झराझर मोती। कोई लो० ॥ १० ॥ दशे दहाई देह पाइ नर जो पढ एक पहाडा। **धरनीदास** तासुपद वन्दे निशिदिन बारम्बारा ॥ कोई लो० ॥

इस प्रकार सन्तोंकी अनेक बानी इस **कायागढके** विषय हैं विस्तार भयसे नहींलिखा अब जानना चाहिये कि इस गढ (Fort) के पांच शहरपनाह अर्थात् तट सात तहखाने अर्थात् तलघर, साढे तीन लक्ष कोठरियां और सात मंजिले अर्थात् महल हैं, जिसके सातवें महल पर वह बादशाहोंका बादशाह अर्थात् महाराजाधिराज परब्रह्म ज्योतिस्वरुप निवास कररहा है, जिस प्रकार किसी गढके उस मकान पर जिसमें स्वयं महाराज बैठता है एक झंडी लगादी जाती है उसी प्रकार इस शरीररूपी गढमें भी जहां वह ब्रह्म गुप्तरूपसे निवास करता है शिखा रुपी झंडी लगादी गई है, अर्थात् शिखा ब्रह्मरन्ध्रके स्थानको जनाती है इसी कारण सनातनधर्मके आचार्य्योंने शिखा रखवाकर गायत्री मंत्रसे सन्ध्याके समय शिखाबन्धन की प्रणाली निकालदी है * ।

अब उक्त पांचो तट सातों तलघर इत्यादि की व्याख्या कीजाती है और उनका मुख्य तात्पर्य्य दिखलाया जाता है।

पांच शहरपनाह [तट] =१. आकाश, २. वायु, ३. अग्नि, ४. जल, ५. पृथ्वी, प्रमाण श्रुति– **ॐआकाद्वायुः वायोरग्निः अग्नेरापः अद्भ्यः पृथ्वी ।**

सात तखाने [तरघर]=१. रोम, २. चर्म, ३. रुधिर, ४. मांस, ५. हड्डी, ६. मज्जा, ७. धातु, प्रमाण श्रीमद्भागवत– **सप्तत्वगष्टविटपोनवाक्षः ।**

साढे तीनलक्ष कोठरियां =साढे तीनलक्ष नाड़ियां जो इस शरीरमें हैं ।

प्रमाण शिवसंहिता—सार्धत्रयलक्षनाड्यः सन्ति देहान्तरे नृणाम् । प्रधानभूता नाड्यस्तु तासु मुख्याश्चतुर्दश ॥ १ ॥ सुषुम्णोडापिंगला च

---

* शिखाबन्धनसे केवल केश बांधलेना नहीं तात्पर्य्य है किन्तु अपने चित्तवृत्तिको सन्ध्याके समय ब्रह्मरन्ध्रके समीप ब्रह्मके ध्यानमें बांधरखना शिखाबन्धन है इसीकारण बहुतेरे आचार्य्योंने केवल स्पर्श करलेनेकी आज्ञादी है ।

गान्धारी हस्ति जिह्विका । कुहू सरस्वती पूषा शंखिनी च पयस्विनी ॥२॥ वारुणालम्बुषा चैव विश्वोदरी यशस्विनी । तासु तिस्रस्तु मुख्याः स्युः पिंगलेड़ा सुषुम्णिका ॥३॥ तिसृष्वेका सुषुम्णैव मुख्या सा योगिवल्लभा । अन्यास्तदाश्रयं कृत्वा नाड्यः सन्ति हि देहिनाम् ॥ ४ ॥ नाड्यस्ता अधोवदनाः पद्मतन्तुनिभाः स्थिताः । पृष्ठवंशं समाश्रित्य सोम सूर्य्याग्नि-रूपिणी ॥ ५ ॥ तासां मध्ये गता नाड़ी चित्रा सा मम वल्लभा । ब्रह्मरन्ध्रं च तत्रैव सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरं शुभम् ॥ ६ ॥

भाषा टीका--अर्थात् शिवजी कहते हैं कि इस शरीरमें साढे तीन लक्ष प्रधान नाड़ियां हैं जिनमें १४ मुख्य हैं ॥१॥ सुषुम्णा, ईडा, पिंगला, गान्धारी, हस्तिजिह्वा, कुहू, सरस्वती, पूषा, शंखिनी, पयस्विनी, वारुणा, अलम्बुषा, विश्वोदरी यशस्विनी, इन चौदहोंमें प्रथमकी तीन नाड़ियां पिंगला, ईडा, सुषुम्णा, मुख्य हैं ॥३॥ तिनमें भी सुषुम्णा मुख्य है जो योगियोंकी अत्यन्त प्यारी है जिसके आश्रयसे और सब नाड़ियां देहमें स्थित हैं॥४॥ सो सुषुम्णा अधोमुखी कमलनालके सूतसी पतली 'पृष्ठवंश' अर्थात् 'मेरुदण्ड' (Spinal chord) के मध्य स्थित चन्द्र, सूर्य्य, अग्नि, करके अधिष्ठिता है ॥५॥ शिवजी कहते हैं कि इसीसुषुम्णाके मध्य मेरी प्यारी नाडी चित्रिणी है जो अत्यन्त सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म ब्रह्मरन्ध्रको चलीगई है ॥ ६ ॥

सातमहल [मंजिले] =सातों पद्म १. पहिले महलके चार द्वार हैं अर्थात् चतुर्दलपद्म (आधार चक्र), २. दूसरे महलके ६ द्वार हैं अर्थात् षट्दलपद्म (मणीपूरक चक्र) ३. तीसरे महलके दश द्वार हैं अर्थात् दशदलपद्म (स्वाधिष्ठान चक्र), ४. चौथे महलके द्वादश द्वार हैं, अर्थात् द्वादशदलपद्म (अनाहत चक्र), ५. पांचवे महलके षोडश द्वार हैं अर्थात् षोडशदलपद्म (विशुद्धाख्य चक्र), ६. छठवें महलमें दो छोटी २ खिरकियां लगी हैं अर्थात् द्विदलपद्म (आज्ञा चक्र) इन्हीं खिरकियोंकी सन्धि स्थान पर अर्थात् त्रिकुटीमहल पर एक इतराख्य लिंग नाम करके टेलिस्कोप (Telescope) लगाहुआ है जिससे होकर दृष्टि उलटा कर देखनेसे एक हजार द्वारी अर्थात् सहस्रदलपद्म देखपड़ता है जिसकी कर्णिकामें यह बृह्मरूपी हीरा कोटि सूर्य्यके समान चमाचम चमकरहा है ७. सातवें महल

के हजार दरवाजे अर्थात् द्वार हैं जिसको **सहस्त्रदलपद्म** (शून्यचक्र) कहते हैं ।

प्रिय पाठकगण ! प्राणायाम करनेवालोंको तो उक्त नाडीयों और चक्रोंका भेद गुरुद्वारा अवश्यही जानलेना चाहिये क्योंकि इनके विना जाने प्राणायाम सिद्ध नहीं होसकता । जिस प्राणायामको इस समय लोग अज्ञानताके कारण अत्यन्त कठोर और भयंकर समझते हैं वह इनके भेद जानलेनेसे ऐसा सुलभ होजाता है जैसे सुख पूर्वक निद्रालेनी इस कारण इनका पूर्ण भेद जनानेके लिये इस ग्रन्थमें चक्रोंका ध्यान चित्र द्वारा स्पष्ट किया जाता है ।

ज्ञात होवे कि प्राणायाम दो प्रकारका है, " अगर्भ और सगर्भ " जिसका वर्णन श्री १०८ स्वामि हंसस्वरूपकृत वृहत्संध्याके प्राणायामविधिमें कियाहुआ है, देखलेना इनदोनों प्राणायामोंमें पूरक, कुंभक, रेचक, अवश्यही कियेजाते हैं, अर्थात् श्वासको चढ़ाना, रोकना, उतारना अति आवश्यक है किंतु इनदिनों बाल्यवस्था [बचपन] हीम ब्रह्मचर्यके नष्ट होजानेसे वीर्य्यकी निर्बलता और नाड़ियोंमें कफ वायु इत्यादि की मलिनताके कारण प्राणियोंको श्वास चढ़ाने उतारनेमें बलनहीं मिलता जिस कारण प्राणवायु अपने शुद्धमार्गको नहींपाता फिर बेचारे साधक थोडेदिनोंके अभ्यासके पश्चात् थकथका कर क्रियाछोड़देते हैं, और प्राणायमसे हाथधोकर प्रारब्ध २ पुकारने लगते हैं, इसकारण इनविचारे थकेहुये साधकोंको फिर साहसदिलाकर प्राणायाममें प्रवृत्त करानेकेलिये प्राणायामका अत्यन्त सुलभ भेद जिसको **मानसप्राणायाम** कहतेहैं बतलाया जाता है, इसक्रियामें विना श्वासके चढ़ाये उतारे केवल मनहीद्वारा चक्रोंका ध्यानकरते हुये चढ़ना उतरना पड़ता है जो साधक द्वादश वर्ष पर्य्यन्त यम * नियमके साथ केवल **मानसप्राणायामका** नित्य अभ्यास करे उसकी क्रिया सिद्ध होजावे ।

मानसप्राणायामके समय चतुर्दलपद्मसे सहस्रदलपद्म पर्य्यन्त किस मन्त्रसे किस दलमें क्या ध्यान करना चाहिये इस **षट्चक्रनिरूपणचित्र**में वर्णन कियाजाता है ।

शंका— इस समय प्रायः बहुतेरे नवशिक्षित युवक (New enlightened young) यह कह पड़ते हैं कि इस देहमें चक्र इत्यादि कहां हैं यदि हैं तो डाक्टरोंको क्यों नहीं देखपडते; हंसीआती है इनकी बुद्धिपर जो बिन समझे " मान न मान मैं तेरा महमान" बनजाते हैं, इसमें सन्देह नहीं कि ये बडे विद्वान और बुद्धिमान हैं किन्तु बुद्धि कैसीभी विशाल क्यों नहो जिस विषयकी ओर लगाई जाती है उसीके समझनेमें प्रवीण होती है इतर विषयमें नहीं. जैसे किसी अत्यन्त चतुर बैरिस्टर (Barrister-at-Law) की बुद्धि किसी रोगीको निरोग करदेनेमें कुछभीकाम न करसकती और एक विशाल बुद्धिवाला डाक्टर वा सर्जन अर्थात् चिकित्सा शास्त्रमें प्रवीण जजसाहबके इजलासपर किसी अभियोग [मुकद्दमा] में कुछभी बोलनेकी शक्ति नहींरखता, इसी भांति

* यम नियमका विधिपूर्वक वर्णन " श्री स्वामि हंसस्वरूप कृत प्राणायामविधि" में कियाहुआ है।

इनदिनों नवशिक्षितोंकी बुद्धि जो गणित (Arithmetic), बीजगणित (Algebra), खगणित (Geometry), भूगोल (Geography) इत्यादिमें तो अतिही प्रवीण है धार्मिक विषय (Religious subjec) में विना कुछकाल परिश्रमकिये कुछ समझनेको समर्थनहीं होसकती, इसकारण इनकी शंकाके निवारणार्थ इन सातों पद्मोंका अंगरेजीनाम जिनको डाक्टरलोग अपनी चिकित्साशास्त्र [Anatomy] द्वारा भली भांति जानते हैं इस स्थानमें देखलाकर, उनकेदल, दलोंके अक्षर, उनके तत्त्व, तत्त्वोंके बीज, बीजोंके वाहन, दलोंकेरंग उनके यंत्र, उनके देव, देवोंकी शक्तियां , उनके ध्यानके फल इत्यादि क्या हैं और इनके तात्पर्य्य क्या हैं इस स्थानमें वर्णन कियेजाते हैं ।

डाक्टरी पुस्तकोंसे अर्थात् अनैटोमी [Anatomy] से पद्मोंके नाम ये हैं—१. चतुर्दलपद्म = Pelvic Plexus २. षट्दलपद्म = *Hypogastric Plexus* ३. दशदलपद्म = Eqigastric Plexus = ४. द्वादशदलपद्म = Cardiac Plexus ५. षोड़शदलपद्म = Carotid Plexus ६. द्विदलपद्म = Medulla oblongata ७. सहस्रदलपद्म = Brain इसग्रन्थके चित्रोंके मस्तकपरभी ये नाम दियेहुये हैं और उनका स्थानभी दियाहुआ है देखलेना ।

पद्मोंके दल = दलोंसे तात्पर्य्य यह नहीं है कि शरीरमें कमलकी पत्तियां फैलीहुई हैं किन्तु दलोंका अर्थ गुच्छ है, जैसे वृक्षोंमें पांच सात फलोंके एकत्र होनेसे एकगुच्छ बनता है वैसेही इस शरीरके जिन जिन स्थानोंमें जितनी ओरसे नाड़ियोंके गुच्छ फूट फूटकर निकले हैं उतनेही उसके दल कहेगये, जैसेचतुर्दलपद्मके चारदलोंका तात्पर्य्य यह है कि इस स्थानमें नाड़ियां चार ओरसे गुच्छ बनाकर निकल गई हैं, इसीकारण अंगरेजीमें इनको Plexus कहते हैं, ऐसेही और दलोंकोभी जानना ।

दलोंकेअक्षर = ऐसानहीं कि **अ, आ, इ, ई, क, ख, ग, घ,** इत्यादि इन दलोंपर खोदकर लिखेहुये हैं किन्तु अभिप्राय यह है कि बोलनेके समय वायुके धक्के लगनेसे जिसगुच्छसे जौन अक्षर बाहर निकलता है वही उस दलका अक्षर है । इसी कारण 'अ' से 'ह' तक पचासों अक्षर षट्चक्रके पचासों दलोंपर देखलाये गये हैं । **सहस्रदलकी** बीस बीस पत्तियां एकही अक्षरकी देनेवाली हैं जैसे किसी यन्त्रालय (Press) के एक एक डिब्बे [Case] में एक प्रकारके अनेक अक्षर (Type) रहते हैं जहां एकही शब्दमें एकही अक्षर दो बार आये तो उन्हीं डिब्बोंसे लेकर जोडे जाते हैं उसी प्रकार बोलनेके समयभी जहां एकही शब्दमें एकही अक्षर दो चार एक संग आये तो मस्तिष्ककी पत्तियां उनको पूर्ण करदेती हैं जैसे कका, चचा, बचा, डब्बू, ककक़, इत्यादि

पद्मोंके तत्त्व= चतुर्दलमें पृथ्वीतत्त्व, षट्दलमें जल, दशदलमें अग्नि, द्वादशदलमें वायु, षोडशदलमें आकाश, येपांचोंतत्व जो पांचों दलोंमें कहेगये हैं इनका अभिप्राय यह है कि जैसे रेलवे यंत्र अर्थात् एनजिन (Engine) में कहीं आगजलरही है, कहीं पानीगरमहोरहा, कहीं वाष्प (Steam) तयार होरहा, कहीं वायु दम देरहा, जिनके मेलसे रेलगाडी आगे बढ़नेको समर्थ होती है, उसी प्रकार अन्न जलके भोजनके पश्चात् इस शरीरमें ये पांचों तत्त्व इन्ही पांचों स्थानोंमें तयार होते हैं जिनसे शरीर पुष्ट होकर सर्व व्यवहार करनेको समर्थ होता है। द्विदलमें* महत्तत्व अर्थात् सब तत्त्वोंके प्रगट होनेका स्थान है और **सहस्रदल** तत्वातीत अर्थात् परब्रह्म का स्थान है।

तत्त्वोंके बीज= पृथ्वीका [लँ] जलका [वँ] अग्निका (रँ) वायुका (यँ) आकाशका (हँ) जो पद्मोंकी कर्णिकामें बीजके अक्षर हैं उनसे यह नहीं समझनाचाहिये कि लिखेहुये हैं किन्तु इनका तात्पर्य्य यह है कि जैसे रेलगाडी अथवा धुआंकश [Steamer] के यन्त्रमें कहीं आग धक धक, वायु फक फक, जल सूं सूं, वाष्प कूं कूं शब्द भररहा है उसी प्रकार इन कमलोंमें भी जिस तत्वके तयार होनेमें वायुके धक्के लगनेसे जहांजैसा शब्द होकर तत्त्व तयार होरहा है वही उस तत्त्वका बीज अर्थात् उत्पन्न करनेका कारण अथवा सत्ता [Power] कहाजाता है, चतुर्दलमें **लँ लँ लँ लँ लँ** शब्द होनेसे पृथिवी तत्त्व-तयार होरहा है, तात्पर्य यह है कि इस अन्नमय कोष स्थूल शरीरमें जो कुछ अन्न डालिये उसमेंसे पृथिवीका अंश यहांही खींच जाता है और इसी स्थानमें पृथिवी तत्त्व तयार होकर सारांश सर्वांगमें फैलजाता है औ उसका अधिकांश अर्थात् मल भाग इसी स्थानमें एकत्र हो गुदामार्गसे बाहर आता है इस स्थानमें वायु **लँ लँ लँ लँ लँ** ऐसा शब्द दिनरात निरन्तर कररहा हैं जिससे ये सब कार्य्य पृथिवीके होते हैं, ऐसेही षट्दलमें अर्थात् पेड़ू पर वायु **वँ वँ वँ वँ वँ** शब्द करताहुवा जलके कार्य को कररहा है अर्थात् जोंकुछ जल ग्रहण कीजिये उसका सारांश सर्वांग शरीरमें फैलजाता है और मल भाग पेशाब (मूत्र) होकर इसी स्थानसे लिंगमार्ग द्वारा बाहर आता है प्रगट है कि मूत्र नहीं उतरने से पेड़ू फूलता है। ऐसेही वायु **रँ रँ रँ रँ रँ** शब्द करताहुआ नाभी स्थानके दशदलमें अग्नि तत्त्वको प्रगट करता है जिससे अन्नादि सब भस्म होते हैं, फिर द्वादशदलमें वायु **यँ यँ यँ यँ यँ** शब्द करताहुआ कलेजे पर वायु तत्त्वको प्रगट करता है, स्पष्ट है कि जब डकार

---

* द्विदल औ सहस्रदल भेद गुरुद्वारा जानना चाहिये।

आती है इसी दलके स्थानसे आती है, इसी प्रकार वायु हँ हँ हँ हँ हँ शब्द करता हुआ आकाश मार्गको गलेके स्थानमें खोलता है, जिस होर प्राण संचार करता है, प्रगट है; कि सम्पूर्ण शरीरकी कलाई, कत्त, इत्यादि खण्डोंमें कहीं भी किसी बडे मोटे रस्सेसे कसिये प्राण-वायुकी कुछ भी हानि नहीं होती, किन्तु गलेके स्थानमें पतली डोरीसे हौले भी फांसिये तो आकाश रुन्ध होजानेसे प्राण घुट कर मृत्यु वश होने लगता है। **द्विदल** अर्थात् भ्रूमध्यमें ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ प्रणव बीज उच्चारण हो रहा है जो महत्तत्त्व स्थान है, अर्थात् सब तत्त्व जहां से प्रगट होकर फिर उसीमें लय होजाते हैं और जहां ज्योतिही ज्योति करोडों सूर्य्य समान दमकती हुई देखपड़ती है। **सहस्त्रदल**में विसर्ग (:) बीज है जिससे सम्पूर्ण जगत् उत्पन्न होता है। यह गोपनीय रहस्य है, साधकको गुरुमुख द्वारा यह भेद जानकर कुछ दिन मानस **प्राणायाम**के अभ्यासके पश्चात् आपसे आप बोध होजाता है, कि विसर्गसे कैसे जगत् उत्पन्न है।

बीजोंके वाहन = (लँ) बीजका वाहन ऐरावत हस्ती; (वँ) का मकर; (रँ) का मेष [मेंढा; (यँ) सा मृग; (हँ)का फिर हस्ती है। इसका यह तात्पर्य्य नहीं है, कि शरीरके भीतर ये सब पशु बैठे हैं, किन्तु इनका मुख्य अभिप्राय यह है, कि इन भिन्न २स्थानोंमें वायु जिस तत्वके साथ मिलकर जिस पशुकी चालके समान चलता है वही उस बीजका वाहन है, जैसे **चतुर्दल**में वायु पृथ्वी तत्वके साथ मिलकर धीमें २ हस्तीकी चाल के समान चलता है, इस कारण हस्ती वाहन कहाजाता है; प्रगट है, कि पृथ्वी और आकाश दोनों तत्त्व अन्य तत्त्वोंसे स्थिर हैं इस कारण हस्ती दोनोंका वाहन है। ऐसेही **षट्दल**में वायु जल तत्त्वके साथ मिल मकरकी चालके समान गुडकता चलता है, प्रगट है, कि सरिता, सागर और ताल इत्यादिमें जलकी लहराती हुई चाल मकरके समान है। **दशदल**में अग्नि तत्त्वके साथ मिल वायु मेंढाके समान चलता है, हांडीमें दाल पकते हुए देखलीजिये। **द्वादशदल**में वायु, वायु तत्त्वके साथ मिल मृगाके समान छलांग भरता हुआ चलता है, प्रगट है, कि जब डकार आती है वायु कलेजेसे मृगाके समान छलांग मार मुंहसे बाहर आता है। **षोडशदल**में वायु आकाशतत्त्व के साथ मिल धीरे २ हस्ती समान चलता है। **द्विदल**में ॐकार तत्वके कारण केवल नाद ही नाद होरहा है, अतएव नादही अर्थात **अनाहतध्वनि** वाहन है जिसकी चाल अद्वैत है। किसी पशु पक्षीसे उपमा नहीं दी जासकती। **सहस्रदल**में विसर्ग तत्त्वका वाहन विन्दु [·] है

जिसकी चालही नहीं वरु जितनी चाल हैं सब इसीसे निकल चल फिर इसीमें लय होजाती हैं, अतएव अनिर्वचनीय है जिसका आनन्द योगीजन जानते हैं।

दलोंके रंग= चतुर्दल रक्तवर्ण, **षड्दल=** गुलाबी सिंदूरवर्ण, **दशदल=** नीलवर्ण, **द्वादशदल=** लालवर्ण, **षोड़शदल=**धूम्रवर्ण है। इनका यह अर्थ नहीं है, कि ये सब भिन्न २ रँगोंसे रँगेहुये हैं, किन्तु इनका अभिप्राय यह है, कि रुधिरके अरुण रंगपर भिन्न २ तत्वोंका प्रतिबिम्ब पड़नेसे जैसा रुधिर जिस स्थानमें देखपड़ता है तदाकार उन दलों (Plexus) का रंग कहा गया है, जैसे **चतुर्दल**में रुधिरपर पृथ्वी तत्वका विम्ब पड़नेसे रक्त चन्दनके समान कुछ मटेला लाल, (रुधिरमें मिट्टी मिलादीजिये रक्त हो जावेगा) **षड्दल**में रुधिरपर जलका बिम्ब पड़नेसे गुलाबी सिंदूर वर्ण, [रुधिरमें जल मिला दीजिये गुलाबी होजावेगा] इसी प्रकार **दशदल**में अग्नि तत्वके कारण रुधिरका नील वर्ण, (रुधिरको आगपर चढ़ाइये नीला होजावेगा)। **द्वादशदल**में वायुके कारण रुधिर अत्यन्त गंभीर लाल (रुधिरको शुद्ध वायुमें छोड़िये लाल देख पड़ेगा) **षोड़शदल**में आकाशके कारण धुमैला [रुधिरको घन आकाशमें देखिये धुमैला देख पड़ेगा [जैसे सूर्य्यकी किरणें प्रातःकाल (सवेरे) अरुणोदयके पूर्व और पश्चात् आकाशमें मिलनेसे धुमैली देखपड़ती हैं।

द्विदलमें ज्योति है इसकारण रुधिरपर ज्योतिका विम्ब पड़नेसे श्वेत रंग, और **सहस्रदल**में शून्य तत्वके कारण रुधिरपर शुभ्र स्फटिकके समान देख पड़ता है।

पद्मोंके यन्त्र = चतुर्दलका चतुरस्र [चौकोन], **षड्दल**का अर्द्धचन्द्राकार, **दशदल**का त्रिकोण, **द्वादशदल**का षट्कोण, **षोडशदल**का वर्तुलाकार [गोल] **द्विदल**का लिंगाकार [लम्बा] और **सहस्रदल**का पूर्ण चन्द्र निराकार। इनका यह अर्थ नहीं है, कि लोहेकी अथवा जस्तेकी कमानीके सदृश कुछ चौकोन, गोल वा लम्बा, शरीरके भीतर कोई कल लगाहुआ है, किंतु मुख्य अभिप्राय यह है, कि जैसे रेलगाड़ी अथवा धुआंकश [Steamer के [Engine]में भिन्न २ यन्त्र, भिन्न आकार से चक्कर खातेहुये कोई गोल, कोई त्रिकोण स्वरूपको बनारहा है, कोई ऊपरसे नीचे और नीचेसे ऊपर निकल पैठरहा, कोई मस्तानेके समान दायें वायें हिलरहा, कोई चें, कोई पें, कोई कूं, और कोई सूं शब्द करता हुआ कहीं अग्निको धौंक २ कर बढ़ारहा है, कहीं जलको गरम कररहा, कहीं वाष्प [Steam]बना रहा है

जैसे आपने धुआंकशके कन्ट (Cunt) को देखाहोगा, कि घूम २ कर गोलाकार स्वरूप वनाता हुआ दोनों ओरके पहियोंको चलारहा है और जुड़ी (Judy) ऊपरसे नीचे और नीचेसे ऊपर निकल पैठ कर वाष्पको आगे बढ़नेकी शक्ति देरहा है। इसी प्रकार इस शरीरमें भिन्न २ नाड़ियां वायुकी सहायतासे भिन्न प्रकार चक्कर खाकर जिस २ आकारसे भिन्न २ तत्त्वोंको वनाती हुई शरीरको उठने, वैठने, चलने, फिरनेकी शक्ति देरही हैं, वे ही उन स्थानोंके यन्त्र हैं।

पद्मोंके देव और देवी= ब्रह्मके जिस विशेष अंश और कलासे इन पद्मोंके अन्तर्गत शरीरके भिन्न २ कार्य होरहे हैं वही उसका देव और उस अंशमें जो कार्य्य करनेवाली शक्ति है वही उसकी देवी कहीगयी है। साधकोंको ध्यान द्वारा चित्तवृत्ति ठहराकर वृत्तिके साथ २ वायुको धीरे २ मूलाधारसे प्रत्येक पद्म होते हुये ऊपर सहस्रदल तक लेजानेके निमित्त अपनी २ उपासना और मतके अनुसार देव और देवियोंका ध्यान करना चाहिये, किन्तु पूर्वके योगियोंने योगतन्त्रानुसार जिस पद्ममें जिस देव और देवीका ध्यान किया है, उसी मार्गसे चलना श्रेष्ट जानकर **(महाजनो येन गतः स पन्थाः)** इस ग्रन्थमें उन्हीं देव और देवियोंकी साकार मूर्तियां ध्यान निमित्त चित्रित कीगयी हैं।

सहस्रदलमें तो विशेषकर गायत्री-मन्त्र पढ़तेहुए अपने २ इष्टदेवहीका ध्यान, साकारहो वा निराकार, करना चाहिये, जैसा कि सहस्रदलकी व्याख्यामें आगे वर्णन कियागया है।

पद्मोंका ध्यानफल= भिन्न २ चक्रोंके ध्यान करनेसे भिन्न २ फलहोते हैं, अर्थात् ध्यान करनेवाला विशाल वुद्धिमान् उत्तमवक्ता, श्रेष्ठकवि, शान्तचित्त, सर्वेहितकारी, आनन्दस्वरूप, विद्वान्, काम क्रोध आदि विकार रहित, आरोग्य और चिरंजीव होजाता है, इसका कारण यह है, कि मनुष्यके मस्तिष्कमें भिन्न २ शक्तियां हैं, जो **कपालशास्त्रवेत्ता** अर्थात् मस्तिष्कविद्या जननेवाले भलीभांति जानते हैं। हमारे भारतसे तो इस समय यह विद्या जो **सामुद्रिक**का एक अंग है, जिसको अंगरेज़ीमें (Phrenology) कहते हैं, एकदम लोपही होगयी है। कहीं किसी कोनेमें दोएक पुरुष जानने वालेभी हैं तो वे किसीको नहीं वतलाते, किन्तु स० १७०० सदीके अन्तमें जरमनी (Germany) के रहनेवाले **डाक्टर गौल** (Dr. Gall) * ने इसी देशकी पुस्तकोंको ढूंड २ कर यह विद्या

* Near the close of the last century the physiology of the brain became the subject of special investigation by an eminent physician

अंग्रेजीमें भलीभांति फैलायी है। जिसको अंग्रेजी जाननेवाले विद्वान् देखकर अच्छीप्रकार समझ सकतेहैं, कि मनुष्यके मस्तिष्कमें सात खण्ड हैं, जिनमें मुख्य २ सात शक्तियां हैं। (देखो पृष्ठ **क मस्तिष्क चित्र** नं० १ ×), इन्हींको **सप्तशक्ति** कहते हैं और इन्हीं सातोंको सातों पद्मोंसे सम्बन्ध है। फिर इन सातों शक्तियोंमें एक २ के अन्तर्गत कई भिन्न २ सत्तायें हैं, जो गिनतीमें ५० हैं, किन्तु इन पचासों सत्ताओंमें केवल ४२ सत्तायें **कपालशास्त्र** द्वारा आजतक प्रगट हुई हैं। (देखो पृष्ठ **क मस्तिष्कचित्र** नं० २ †) आठ सत्तायें और गुप्त हैं, जो योगियोंको केवल योग विद्याही द्वारा जाननेमें आती हैं, और इन्हीं आठों सत्ताओंसे अष्ट-सिद्धियां केवल योगीजनोंको लाभहोती हैं। इन आठों सत्ताओंका भेद गुरुमुख द्वारा जाना जाता है। क्योंकि यह विद्या हृदयसे हृदयमें चली आरही है, अक्षरों द्वारा प्रगट करना कठिन है। अब यहभी जानना चाहिये, कि मस्तिष्कके उक्त भिन्न२ शक्तियोंको षट् चक्रोंके साथ नाड़ियोंके द्वारा तारबरकी (Telegraph) **दूरस्थवाच्यबोधक लौहयन्त्र** के समान लगाव (संयोग) है। जैसे किसी एक स्थानके तारमें चोट देनेसे हज़ारों कोसकी दूरीपर उसकी बात झट दम मारते पहुंचजाती है, उसी प्रकार ध्यानद्वारा किसी चक्र पर मन और वायुका बल पड़नेसे वह बल एकदम मस्तिष्कके उस भागपर पहुंचजाता है जिससे उस चक्रको सम्बन्ध है, फिर जैसे किसी बन्द पुष्पके मुख अर्थात् कलीपर वायुकी फूंक लगनेसे वह पुष्प खिलजाता है, उसी प्रकार ये शक्तियां जो पुष्पकी कली समान बन्द रहती हैं, चक्रोंके ध्यान द्वारा मन और वायुकी चोटलगनेसे खिलकर बढ़ने लगती हैं। इसी कारण भिन्न २ चक्रोंके ध्यानसे भिन्न २ शक्तियां वृद्धि पाकर पूर्वोक्त फलोंको प्रगट करतीहैं। किस चक्रके ध्यानसे क्याफल होता है? चक्रोंकी व्याख्यामें विधिपूर्वक वर्णन कियागया है ॥ इति ॥

शंका—इन चक्रोंमें जो **दल**, उनके **रंग**, उनके **अक्षर**, **तत्त्व**, **तत्त्ववीज**, उनके **वाहन**, उनके **देव** और **देवियों** केतात्पर्य्य पूर्वमें कथन कियेगये हैं, उनसे प्रगट होता है,

of Germany, Dr. Gall, and he claimed that he had discovered signs of character in the brain, that it can be safely studied as the basis of character and that whatevhr the face or attitudes of motions may reveal, the impulse comes from the brain. His mode of investigation has acquired the name of Phrenology.

× इसकी व्याख्या पृष्ठ ६ में है देखलेना।

† इसकी व्याख्या ,, ६, ७, ८; में है देखलेना।

कि ये सब नाड़ियोंके गुच्छ, रुधिरके रंग, वायुके संग भिन्न २ तत्त्वोंके मेलसे नाड़ियोंकी चाल और तत्त्वोंकी भिन्न २ शक्तियां हैं, फिर इनकी साकार मूर्ति बनाकर ध्यान करनेकी आवश्यकता क्यों ? ॥

उत्तर—सर्व प्रकारकी सूक्ष्म विद्यायें जिनको केवल अन्तःकरणसे सम्बन्ध है, विना साकार मूर्तिके बनाये साधकोंको नहीं बताई जासकतीं, अतएव साधकोंके हितार्थ उनकी मूर्ति बनानेकी अत्यंतही आवश्यकताहै। जैसे अक्षर, अंक, विन्दु, रेखा, राग, सुर, तान और आत्मविद्या इत्यादि, जो सूक्ष्म हैं मूर्तिद्वारा साधकोंको सुलभ रीतिसे बताई जासकती हैं। भलीभांति विचारकर देखिये, कि **अ, आ, क, ख, ग,** इत्यादि जो केवल ध्वनिमात्र हैं मुखसे उच्चारण होते हैं, इनका कहीं भी कोई स्वरूप नहीं, किन्तु भिन्न २ देशके विद्वानोंने परस्पर लिखने पढ़ने और शिक्षा देनेके निमित्त इन अक्षरोंकी साकार मूर्तियां अपनी २ रुचि अनुसार बनाली हैं। यदि ये मूर्तियां न होतीं तो हम लोग एक दूसरेके मनकी बात दूरस्थ होकर कदापि नहीं जान सकते, यह साकार मूर्तिहीकी महिमा है, कि हजारों लाखों कोसों दूर बैठेहुए एक दो अंगुलके पत्रपर इन अक्षरोंकी मूर्तियां बना डाक वा तार द्वारा झट अपने मनकी बात प्रगट करदीजिये। फिर इनहीं मूर्तियों (अक्षरों) के प्रभावसे बड़े २ वकील, मुखतार, जज और कलक्टर, हजारों रुपये उपार्जनकर सुखी होरहे हैं। फिर **रेखागणित** (Geometry) की ओर थोड़ी दृष्टि दीजिये, कि जिस विद्याके जाननेसे मनुष्य बहुत बड़ा बुद्धिमान् होकर नाना प्रकारके यन्त्रों अर्थात् कलोंको बना अद्भुत कार्य्योंको कर दिखलाता है, जिस विद्या द्वारा नानाप्रकारके मकान, सड़क, नहर, कूप, वावलीकी रचनामें और क्षेत्रोंके मापनेमें अत्यंत प्रवीण होजाता है, वह विद्या केवल सूक्ष्म विन्दुपर निर्भर है, जो निराकार है। अंग्रेजी पढ़नेवालेभी पढ़ाकरते हैं, कि A point is that which has no part and has no magnitude. अर्थात् विन्दु वह है जिसका खण्ड नहीं होसकता और उसका कुछ प्रमाण नहीं, किन्तु स्कूलोंमें जाकर देखिये, कि शिक्षक (मास्टर साहब) ने हाथमें एक खल्ली मिट्टीका खण्ड [Chalk] ले पाट (बोर्ड) के समीप जा एक बन्दूककी गोली समान विन्दुबना बोल उठे कि BoysLet it be granted that A [.] is a given point अर्थात् विद्यार्थियो ! मानलो अर्थात् स्वीकार करलो कि अ (.) यह एक कल्पित विन्दुहै। अब देखिये कि यथार्थ विन्दुका बनाना असंभव जानकर शिक्षकको विन्दुकी कल्पित साकार मूर्ति बनाकर साधकोंको बतानी पड़ी। ऐसेही रागरागिनी, सुरताल इत्यादिके सिखानेके निमित्त साकार रेखाओं द्वारा अनेक पुस्तकें बनी हैं, जिनको देखकर यन्त्र बजानेवाले और सुरतानके अलापनेवाले गानविद्यामें अतिही प्रवीण हो जाते हैं। एवम् प्रकार औरभी अंक १, २ इत्यादि विद्याओंको जानना। विस्तारके भयसे नहीं

लिखा। इसीप्रकार योगियोंने योगविद्या साधन निमित्त सकल सूक्ष्म शक्तियोंकी साकार मूर्तियां वनाली हैं, जिनके ध्यान मात्रसे चित्तवृत्ति निरोध हो समाधि लाभ होजाती है और वर्णमालाके सदृश इनहीं साकार मूर्तियोंके द्वारा एक योगी दूसरेसे परस्पर हजारोंकोस दूर बैठेहुए वार्ता करलेता है।

फिर दूसरीबात यह है, कि जितनी वस्तु आपके सन्मुख रखीहुई हैं, वे सब आदिमें निराकार रहती हैं, मध्यमें साकार हो कार्य्य साधनकर फिर निराकार होजाती हैं। जैसे सलाई अथवा चकमक पत्थरकी आग जो पूर्वमें निराकार रूप रहती है, फिर मध्यमें प्रगट हो काष्ठोंके संयोगसे पाक इत्यादि कार्य्योंको साधन कर अन्तमें निराकारहोजाती है। ऐसेही अन्न,जल, वस्त्र, फल फूल इत्यादिको भी जानना। अब जानना चाहिये, कि ऊपर कथन की हुई वस्तुओंके अनुसारही योगी लोग भी शरीरस्थित सूक्ष्मतत्वोंकी अभ्यास कालमात्र साकार ध्यानकर चित्तवृत्तिको एकाग्र करते हैं। जब वृत्तिकी एकाग्रता लाभकर ब्रह्मरन्ध्रमें प्रवेश करजाते हैं, तब वे शान्तचित्त,त्रिलोकदर्शी और आत्मज्ञानी हो जन्म मरणके वन्धनसे छूट अपने २ इष्टमें लीन होजाते हैं और ये शक्तियां अपने २ स्थानमें निराकार रूपहो सुस्थिर होजाती हैं।

अब इस स्थानमें साधकोंके वोध निमित्त **कपालशास्त्र**का संक्षिप्त वर्णन किया जाता है, जिसके पढ़नेसे दृढ़ निश्चय होजायगा, कि मस्तिष्कमें भिन्न २ शक्तियोंका निवास है, जो चक्रोंके ध्यान करनेसे बढ़ती हैं, और एक जन्मकी बढ़ीहुई शक्ति दूसरे जन्ममें संस्कार होकर उच्च गतिको देती है, इसीकारण योगक्रिया करनेवाला पुरुष " **शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोभिजायते** " इस गीताके श्लोकानुसार पूर्व संस्कारानुकूल उच्चगतिको पाताहुआ कई जन्मोंके पश्चात् मुक्त होजाता है।

" **पृष्ठ कके अंक नं० १** " वाले चित्रमें मुख्य **सप्तशक्तियां** जो अंकितकर दिखाई गई हैं, उनके नाम ये हैं— **१. आश्रमिका** (Domestic Propensities) नाड़ियोंद्वारा इसको **द्वादशदलपद्म**से सम्वन्ध है। **२. स्वसंरक्षणी** (Selfish propensities) इसको **दशदलपद्म**से सम्वन्ध है। **३. स्वोत्कर्षणी** Selfish sentiments) इसको **षट्दलपद्म**से सम्वन्ध है। **४. सत्प्रवर्तनी** (Moral Sentiments इसको **सहस्रदल पद्म**से सम्वन्ध है। **५. मनः प्रवर्तिका** (Semi-intellectual Sentiments) इसको **चतुर्दलपद्म**से सम्वन्ध है, । फिरछठवीं शक्ति

बुद्धिप्रवर्तिका (Intellectual Sentiments) है, जिसके दोभाग हैं ।
६. विषयग्राहिणी (Perceptiveness) इसको द्विदलपद्मसे सम्बन्ध है ।
७. विवेचनी (Reason) इसको षोड़शदलपद्मसे सम्बन्ध है ॥

अब उक्त सातों शक्तियोंमें एक एकके अन्तर्गत बहुतेरी भिन्न २ सत्तायें हैं , जो सब मिलकर ५० हैं, किन्तु इनमें आठ गुप्तरूपसे निवास करती हैं और केवल योगीजनोंको काम देती हैं। पर ४२ सत्तायें कपालशास्त्र द्वारा प्रगट कीगयी हैं, जिनसे सर्व साधारण मनुष्य और पशुपक्षियोंके कार्य्य सिद्ध होते हैं। इन ४२ सत्ताओंके स्थान (पृष्ठ क के चित्र नं० २) में अंकित कर देखलाये हुए हैं, इनहींमें जिस अंकवाला स्थान कुछ ऊंचा अथवा लम्बा चौड़ा और पुष्ट, किसी प्राणीके मस्तकमें, देखा जावे तो जानलेना चाहिये, कि वह सत्ता उसमें अधिक होगी॥

अब उन अंकित स्थानोंकी सत्ताओंके नाम उनके कार्य्य सहित वर्णन कियेजाते हैं।

१. आश्रमिकाशक्ति=(Domestic Propensities) इसके अन्तर्गत ६. सत्तायें हैं——१. स्नेहसत्ता (Amativeness) जिस प्राणीके गर्दनसे ऊपरवाला भाग कुछ ऊंचा और उठा हुआ पुष्ट होगा, उसमें यह सत्ता अधिक होगी, इस कारण वह स्नेही होगा। [क.] सम्मिलनसत्ता (Conjugality) इस सत्तावाले प्राणीको स्त्री पुरुषमें अधिक मेल होगा, जैसे 'नल, दमयन्ती', 'अज, इन्दुमती'। पशु पक्षियोंमें भी जिनमें यह सत्ता अधिक है, उनके जोड़ेमें मेल होता है, जैसे व्याघ्र, कपोत इत्यादि। २. पितृप्रेमसत्ता (Paternal Love) इस सत्तावालेको अपने बाल बच्चोंसे अधिक स्नेह होता है। ३. मैत्री-सत्ता (Friendship orAdhesiveness) इस सत्तावालेको भाइयों, बहनों, पड़ोसियों, संगियों और सखाओंमें अधिक मेल होता है। ४. निवासानुरागसत्ता (Inhabitiveness) इस सत्तावालेको घरसे अधिक स्नेहहोता है। ५. अपरिच्छेदसत्ता (Continuity) इस सत्तावाला प्राणी अपने इष्ट कार्य्यमें सतत ऐसा लग जाता है, कि किसी दूसरी ओरकी सुधि एकदम नहीं रखता, सब काममें तत्पर होजाता है, जीलगाकर करता है ।

२. स्वसंरक्षणीशक्ति = (Selfish Propensities) इसके अन्तर्गत ६. सत्तायें हैं—१। [ख] प्राणस्नेहसत्ता (Vitativeness) इस सत्तावाले को अपने प्राणकी रक्षामें बड़ी सावधानता रहती है। पशु, पक्षियोंमें व्याघ्र, बिल्ली, शेन आदिमें

यह सत्ता अधिक होती है। २। ६. शौर्य्यसत्ता (Combativeness) इस सत्तावालेके कानका ऊपर भाग ऊंचा और पुष्ट होगा और शत्रुओंसे झट सामना करबैठेगा, जैसे पशुओंमें कुत्ता, जो-व्याघ्र पर भी दौड़जाता है। ३। ७. संहारसत्ता (Destructiveness) इस सत्तावालेके मस्तकका पिछला भाग कानसे कान तक अधिक चौड़ा होगा। मांसाहारी पशु पक्षियोंमें यह अधिक होती है, जैसे व्याघ्र, कुत्ते, भेड़िये इत्यादि, पर घासाहारियोंमें कम जैसे घोड़े, ऊंट इत्यादि। ४। ८. पोषणसत्ता (Alimentiveness) इस सत्ता-वालेको भोजनमें अतिशय श्रद्धा होती है और अतिथिसत्कार अर्थात् पाहुनोंको भोजन इत्यादि बड़ी श्रद्धासे कराता है। ५। ९. उपार्जनसत्ता [Acquisitiveness] इस सत्तावालेको भविष्य कालके सुख निमित्त द्रव्य, अन्न, विद्या इत्यादिके उपार्जन करनेकी बड़ी श्रद्धा रहती है। कीटोंमें पिपीलिका (चींटी) में यह सत्ता विशेष है। ६। १०. गोपनसत्ता (Secretiveness) इस सत्तावाला अकेला रहना अधिक स्वीकार करता है और अपने मनकी बातोंको दूसरे पर प्रगट करना नहीं चाहता।

३. स्वोत्कर्षणी शक्ति = [Selfish Sentiments] इस शक्तिके अन्तर्गत चार सत्तायें हैं। १। ११. सावधानतासत्ता (Cautiousness) इस सत्तावाले सब कार्य बड़ी चतुराईसे करते हैं, विशेष शत्रुओंसे जान बचानेमें बड़े सावधान रहते हैं। २। १२. सम्मानसत्ता (Approbativeness) इससत्तावालेको सदा ऐसे कार्य करनेकी अभिलाषा रहती है जिससे सर्वसाधारण मान करें। ३। १३. आत्मश्लाघासत्ता [Self Esteem] इस सत्तावालेको अपनी प्रशंसा और अपनी पदवीके आदर करानेकी बड़ी अभिलाषा रहती है ४। १४ दाढ्र्यसत्ता [Firmness] इस सत्तावालेको अपने कार्यकी पूर्तिमें घबराहट नहीं होती, बड़े धीरजसे कार्य्य को पूरा करही छोड़ता है।

४. सत्प्रवर्तिकाशक्ति = [Moral Sentiments] इसके अन्तर्गत ५ पांच सत्तायें हैं। १। १५ अन्तःकरणशुद्धिसत्ता (Concientiousness) इस सत्ता वाला पुरुष सब काम विना पक्षपातके ठीक२करता है, सचाई की ओर दृढ़ रहता है और सदा सत्य बोलनेकी चेष्टा करता है। २। १६. एषणा वा आशासत्ता (Hope) इस सत्तावाला प्राणी

प्राणी आगे आनेवाले किसी समयमें अपनी अभिलाषाकी पूर्ति होनेकी आशासे सर्वकार्य्योंके करने में अत्यन्त तत्पर रहता है। ३। १७. **आत्मज्ञानसत्ता** (Sprituality) इस सत्ता वाले और भक्तिसत्ता (Veneration) वालेके मस्तकका मध्यभाग ऊंचा और उठाहुआ होता है और सदा आत्मा, परमात्मा, देव, देवी, प्रेत, पितर, गंधर्व इत्यादि योनियोंमें विश्वास रखता है। ४। १८. **भक्तिसत्ता** (Veneration) इस स० वालेकी चांदी अवश्य ऊंची होगी, ईश्वर पूजामें और दूसरोंके आदरभाव, सत्कार करनेमें प्रवीण होगा। ५। १९. **उपकृति-सत्ता** (Benevolence) इस स० वाला प्राणी उदार दयालु, सर्व हितकारी होता है और सर्व साधारणके उपकारमें तत्पर रहता है।

मनःप्रवर्त्तिकाशक्ति = (Semi Intellectual Sentiments) इसके अन्तर्गत पांच ५ सत्तायें हैं। १। २० **रचनासत्ता** [Constructiveness] इस स० वाला प्राणी भूषण, यन्त्र, शाल, दुशाले, महल, अटारी, टेब्ल, कुरसी, हल, मूशल, ओखल, थाली, लोटे, ग्लास इत्यादि पात्र, जो मनुष्योंके आवश्यकीय पदार्थ हैं, बनानेमें प्रवीण होता है। जिसमें यह स० अधिक होगी वह उत्तम चित्रकार औ शिल्पविद्यामें प्रवीण होगा। २। २१ **सुप्रतीकग्रहणसत्ता** (Ideality) इस स० वाला सृष्टिके सब पदार्थोंकी शोभा औ सौन्दर्यताको देखकर हर्षित होता है और सब वस्तुओंको अलंकार युक्त रखनेकी चेष्टा करता है। ३। ग. **काव्यसत्ता** (Sublimity) स्पष्ट है। ४। २२ **अनुवर्तनसत्ता** (Imitation) इस स० वालेको दूसरोंके आचरण व्यवहार इत्यादिके अनुकरण करनेकी श्रद्धा अधिक होती है, जैसे बच्चोंको मा बापका अनुकरण और आजकलके नवशिक्षितोंको कोट, पैन्टलून, सिगरेट आदि साहब लोगोंका अनुकरण। ५। २३. **प्रमोदसत्ता** (Mirthfulness) इस स० वालेके कपालका वाम औ दक्षिणभाग जहां पर अंकति कर देखायागया है ऊंचा होता है और वह सदा आनन्दचित्त रहता है।

अब जानना चाहिये, कि **बुद्धिप्रवर्तिका** (Intellectual Sentiments) शक्तिके दोभाग हैं—**विषयग्राहिणी** (Perceptiveness) औ **विवेचनी** (Reason)॥

६. **विषयग्राहिणीशक्ति** = (Perceptiveness) इसके अन्तर्गत द्वादश सत्तायें हैं। १। २४. **अविभक्तता स०** (Individuality) यह स०

नासिकाके मूलसे थोड़ा ऊपर है। इस सत्ता वालेको सृष्टिकी सब वस्तुओंकी स्थितिमात्रका बोध होता है, जैसे बच्चे सब वस्तुओंको अपने समीप घसीट २ कर देखने लगते हैं, पर वे क्याहैं औ उनसे हानि लाभ क्या है यह नहीं जानते। २। २५. **रूपग्रहण स०** (Form) इस स० वालेके नेत्र विशाल और आगेको निकले हुये रहते हैं और दोनों नेत्रों में अधिक अन्तर रहता है। रूप ग्रहण करनेकी विचित्र शक्ति होती है, एकबार जिस रूपको देखलेता है, चिरकाल तक स्मरण रखता है। चित्र बनाने, सुन्दर अक्षर लिखने, बिना यंत्रके गोल, त्रिकोण, चतुरस्र इत्यादि क्षेत्रोंके बनानेमें प्रवीण होता है। ३। २६. **प्रमाणग्रहण-स०** (Size) इस सत्तावालेको वस्तुओंकी छोटाई, बड़ाई, ऊंचाई, निचाईके भेद जानने में बड़ी प्रवीणता होती है। अश्व, गऊ इत्यादिके क्रय विक्रयके समय लोग उनको अवश्य लेजाते हैं। ४। २७. **गुरुताग्रहण स०** (Weigt) यह शक्ति भ्रमध्यमें है, इस स० वालेको घोड़े इत्यादिके सरकश, नटबाजी, बाजीगरी, अर्थात् मस्तकपर घट रख एक पतली रसुलीपर पृथ्वीसे ऊपर चलना और एक दूसरेके कन्धे पर खड़े हो पृथ्वीकी आकर्षणके प्रमाण पर ध्यान रखना इत्यादि कामोंमें प्रवीणता होगी। इस स० वालेके लेखकी पंक्ति सीधी होगी, ऊपर नीचे नहीं होगी। ५। २८. **वर्णग्रहण** (Colour) इस स० वालेकी भउंहें कमानके सदृश अधिक बांकी होगी। स०वालेको रंगोंके बनाने और चित्रोंको उत्तम वर्णसे सुशोभित करनेमें बड़ी प्रवीणता होगी। ६। २९. **व्यवस्थाग्रहण स०** [order] इस सत्तावाला सर्वप्रकार की व्यवस्था करनेमें प्रवीण होगा और गृहके भिन्न२ वस्तुओंको उचित स्थानोंमें संजाकर रखेगा। ७। ३०. **अंकग्रहण स०** [Calculation] स० वान अंकविद्यामें अर्थात् गणित में प्रवीण होगा, जैसे जिराकालवर्ण [Zerah colbürn] जो इस स० में ऐसा प्रवीण था, कि जब वह ६ वर्षका था तब एकबार उससे प्रश्न किया गया कि, १८११ वर्षोंमें कितने दिन और घंटे होते हैं? उसने २० सिकेण्डमें उत्तर दिया, कि ६६१०१५दिन और १५८६-४३६० घंटे। फिर प्रश्न किया गया, कि ११ वर्षोंमें कितने सिकेण्ड होते हैं? उसने चार सिकण्डमें उत्तर दिया कि ३४६८९६००० सिकेण्ड। ८। ३१. **स्थानग्रहण स०** (Locality) स० वानको भिन्न २ नगरों और ग्रामोंके ठीक२ स्थान स्मरण रखनेमें, कि कौन स्थान किस ओर कितनी दूर है? प्रवीणताहोगी। भूगोल [Geography] जाननेमें चतुर होगा। किसी २ पशु पक्षियोंमें भी यह स० अधिक होती है जैसे कुत्ता। सुनाजाता है, कि एक कुत्ता रूससे लौटकर अपने घर फ्रांसमें [France] चलाआया। पक्षी आकाशमें चारों

और उड़कर सन्ध्या समय फिर अपने घोंसलेमें लौटआते हैं ॥ मधुमक्षिका [मधुमक्खी] भिन्न फूलोंसे रस लेकर फिर उसी मार्गसे लौटआती हैं,इस कारण उनका मार्ग **मधुमक्षिका मार्ग** प्रसिद्ध है। इस स० वाले गेंद [Ball]और विलियार्ड (Billiard) खेलनेमें और निशाना लगाने में प्रवीण होते हैं, जिसमें यह स० कम होती है वह प्रायः शहरोंका मार्ग इत्यादि भूलजाता है । ६ । ३२. **वृत्तान्तग्रहणसत्ता** (Eventuality)इस सत्ता वालेको इतिहास पुराणके वार्त्ताओंकी स्मृति बहुत रहेगी और इतिहासविद्या (History) में प्रवीण होगा, और कहानियोंके सुननेमें बड़ी रुचि रक्खेगा । १० । ३३. **कालग्रहणसत्ता** (Time) इस सत्तावालेको समयकी स्मृति बहुत रहेगी,अमुक कार्य्य किस साल ? किस मास ? किस दिनमें किस समय हुवा था ? ठीक २ स्मरण रक्खेगा और ठीक समय पर काम करेगा ॥ ऐसे पुरुषकी रेलगाड़ी अथवा स्टीमर (Steamer) जहाज कभी नहीं हाथसे छूटती । ११ । ३४. **रागग्रहणसत्ता** (Tune) इस स० वालेको गाने बजानेमें प्रवीणता होगी । १२ । ३५. **वाग्व्यापारसत्ता** (Language) इस स० वाला उत्तम वक्ता और अनेक प्रकारके भाषाओंका जाननेवाला होगा ।

७. **विवेचनीशक्ति** = [Reason] इसके अन्तर्गत चार सत्तायें हैं । १ । ३६ **न्यायसत्ता** [Causality] इस स० वालेके ललाटका अग्रभाग विशाल औ ऊंचा होगा॥ स० वान विशाल बुद्धिमान, न्यायशास्त्र [Science] मेंप्रवीण होगा और ब्रह्म, सृष्टिका आदि-कारण है, सिद्धान्त करेगा॥ चित्त वृत्तियोंके निरोधकी भी शक्ति इसमें विशेष रहेगी ॥ जिसमें यह सत्ता अत्यन्त तीव्र होती है, वह नवीन विद्याओंका निकालनेवाला होताहै, जैसे**कपिल**ने सांख्य, **व्यास**ने वेदान्त और **भास्कराचार्य्य**ने पृथ्वीका आकर्षण निकाला । इसी आकर्षणविद्याको **सरस्येकन्यूतन** [Sir Isaac Newton] ईरूप* अथवा ईयरूप [Europe] देशके रहने वालेने निकाला । २ । ३७. **उपमानसत्ता** [Comparison] इस स० वालेके ललाट का मध्य भाग अधिक ऊंचा और उठाहुआ होगा, उत्प्रेक्षा इत्यादि अलंकार युक्त वचन बोलने, उपमान उपमेय इत्यादिके द्वारा सुन्दर काव्योंको सुशोभित करनेमें और गद्य पद्यमें बृहस्पतिके

---

* ई: कहिये लक्ष्मीको अथवा कामदेवको और " ईय" कहिये फैलजानेवालेको॥ इसी लक्ष्मी औ सुन्दरताईके कारण ईरूप औ सर्व देशमें फैलजानेके कारण ईयरूप (Europe)कहते हैं.

तुल्य पूर्वीण होगा, दो समान वस्तुओं के स्वल्पमात्र भेदको भी निकालदेनेमें चतुर होगा, अपनी वक्तृतामें अलंकार युक्त वाक्योंके द्वारा हजारों लाखों मनुष्योंके चित्तको अपनी ओर खींच लेनेमें समर्थ होगा। ३। ३८. **मनुष्यत्वसत्ता** [Human Nature] इस स० वालेको लोगोंसे मिलने जुलने, मेल मिलापके साथ आदर भाव करने और अभ्यागतोंका विधि-पूर्वक सत्कार औ पहुनाई करनेकी बहुत ही श्रद्धा होगी ४। ३९. **मृदुलता** वा **नम्रतासत्ता** [Agreeableness, Suavity] इस स० वालेका स्वभाव ऐसा कोमल होता है, कि सब छोटे बडे प्रशंसा करते हैं, और ऐसा पुरुष दीनता युक्त अहंकार विहीन रहता है॥ इति॥

४२ सत्ताओंका वर्णन होचुका। शेष ८ गुप्त सत्तायें जो **सत्प्रवर्तनीशक्ति**के अन्तर्गत सहस्रदलपद्मकी कर्णिकामें गुप्तरूपसे हैं, वे ये हैं—

अणिमा लघिमा प्राप्तिः प्राकाम्यं महिमा तथा।
इशित्वं च वशित्वं च तथा कामावसायिता॥

इन शक्तियोंकी वृद्धि योग द्वारा केवल योगियोंहीको होती हैं॥

॥ इति ॥

अथ नाड़ीवर्णनम् ।

—:*:()*:—

मेरोर्वाह्यप्रदेशे शशिमिहिरशिरे सव्यदक्षेनिषण्णे ।
मध्ये नाड़ी सुषुम्णा त्रितयगुणमयी चन्द्रसूर्य्याग्निरूपा ॥
धुस्तूरस्मेरपुष्पग्रथिततमवपुः स्कन्धमध्याच्छिरस्था ।
वज्राख्या मेढ्रदेशाच्छिरसिपरिगता मध्यमेऽस्या ज्वलन्ती ॥ १ ॥
तन्मध्ये चित्रिणी सा प्रणवविलसिता योगिनां योगगम्या ।
लूतातन्तूपमेया सकलसरसिजान् मेरुमध्यान्तरस्थान् ॥
भित्वा देदिप्यते तद्ग्रथनरचनया शुद्धबुद्धिप्रबोधा।
तस्यान्तर्ब्रह्मनाडी हरमुखकुहरादादिदेवान्तरस्था ॥ २ ॥
विद्युन्मालाविलासा मुनिमनसिलसत्तन्तुरूपा सुसूक्ष्मा ।
शुद्धज्ञानप्रबोधा सकलसुखमयी शुद्धबोधस्वभावा ॥
ब्रह्मद्वारं तदास्ये प्रविलसति सुधाधारगम्यप्रदेशम् ।
ग्रन्थिस्थानं तदेतत् वदनमिति सुषुम्णाख्यनाड्या लपन्ति ॥ ३ ॥

भाष्यम्—मेरोरिति = मेरोर्मेरुदण्डस्य वाह्यप्रदेशे वहिर्भागे सव्यदक्षे वामदक्षिणपार्श्वे शशिमिहिरशिरे शशिशिरा ईड़ा मिहिरशिरा पिंगला इति द्वे नाड्ये निषण्णे स्थिते, अर्थात् ईड़ा वामभागे पिंगला दक्षिणभागे च वर्तेते इत्यभिप्रायः । मध्येनाडी सुषुम्णा मेरोर्मध्यभागे सुषुम्णा नाम्नी नाड़ी शिरा आस्ते । कीदृशी त्रितयगुणमयी रजस्तमस्सत्वगुणस्वरूपा अथवा त्रिगुणितरज्जूस्वरूपा । पुनः कीदृशी चन्द्रसूर्य्याग्निरूपा चन्द्रश्च सूर्य्यश्च अग्निश्च ते चन्द्रसूर्य्याग्नयः तेषांरूपमिव रूपं यस्यास्तादृशी । अतीवप्रकाशमानेत्यर्थः । पुनः कीदृशी धुस्तूरेति धुस्तूरस्य यत् स्मेरपुष्पं प्रस्फुटितकुसुमं तद्वत् प्रथिततम अतिशयेन प्रसृतं वपुः तनुर्यस्यास्तादृशी । प्रफुल्लधुस्तूरपुष्पाकारेत्यर्थः । पुनः कीदृशी स्कंधम-

ध्यात् स्कन्धयोर्मध्यदेशमभिव्याप्य (ल्यब् लोपेति) अत्र "कर्मणि पंचमी" शिरःस्था शीर्षस्था शिरःस्थसहस्रदलपद्मान्तर्गतेत्यर्थः। अस्याः सुषुम्णाया मध्यमे मध्यदेशे ज्वलन्ती दीप्तिकुर्वती वज्राख्या वज्रा नाम्नी नाडी, अस्ति इति शेषः। वज्राख्या कीदृशी मेढ्रदेशात् लिंगदेशात् शिरसि मस्तके परिगता प्राप्ता। मेंढ्रदेशमारभ्य शीर्षपर्य्यन्तं व्याप्तेत्यर्थः॥

मेरुदण्डस्य वामभागे चन्द्राधिष्ठिता ईडानाम्नी नाडी दक्षिणभागे सूर्य्याधिष्ठिता पिंगलाभिधाना मध्ये च चन्द्रसूर्य्याग्न्यधिष्ठिता सुषुम्णानामिकेति नाड्यः सन्ति। वज्राख्या नाडी तु तस्याः सुषुम्णाया मध्य प्रदेशे मेढ्रदेशमारभ्य शिरः पर्य्यन्तं परिगतास्तीति भावार्थः॥

(स्रग्धरावृत्तम्। तल्लक्षणं वृत्तरत्नाकरे। म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्)॥ १॥

तन्मध्यइति—तस्या वज्राख्याया नाड्या मध्ये सा प्रसिद्धा चित्रिणी नाम्नी नाडी सकलसरसिजान् मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञाख्येति षट्पद्मानि भित्त्वा छित्वा देदीप्यते अतिशयेन प्रज्वलति। सरसिजान् कीदृशान्? मेरुमध्यान्तरस्थान् पृष्ठवंशमध्यावकाशस्थितान्। चित्रिणी कीदृशी? प्रणवविलसिता प्रणवः ॐकारः तेन विलसिता शोभिता युक्तेत्यर्थः। पुनः की०, योगिनां योगगम्या योगाभ्यासरतानां ध्यानेन गम्या ज्ञेया। पुनः कीदृशी? लूतातन्तूपमेया मर्कटकसूत्रवत् सूक्ष्मा। तस्यान्तः तस्याश्चित्रिण्या अन्तर्मध्ये ब्रह्मनाडी, अस्ति इति शेषः। कीदृशी? तद्ग्रथनरचनया तेषां षट्पद्मानां ग्रन्थिविधानेन शुद्धबुद्धिप्रबोधा शुद्धा निर्म्मला या बुद्धिस्तस्या प्रबोधः प्रबोधकारिणी, मूलाधारादिषट्पद्मग्रन्थनेन साधकानां स्वच्छमतिं जनयित्रीतिभावः। पुनः कीदृशी? हरमुखकुहरात् हरस्य स्वयम्भूर्लिंगस्य मुखकुहरात् मुखरन्ध्रात् आदिदेवान्तरस्था आदिदेवः महादेवः तस्य अन्तरे समीपे तिष्ठति या तादृशी। स्वयम्भूर्लिंगमुखमारभ्य सहस्रदलपद्मकर्णिकान्तर्गतपरमशिवसमीपस्थेत्यर्थ। मेरोरन्तर्गतसकलसरसिजान् भित्वा तद्रन्ध्रगतायाः प्रदीप्यमानायास्तस्याश्चित्रिण्या मध्ये स्वयम्भूलिंगमुखरन्ध्रा दारभ्य सहस्रदलान्तर्गतपरमशिवसमीपस्था ब्रह्मनाडी संतिष्ठित इतिभावार्थः (स्रग्धरा वृत्तम्)॥ २॥

विद्युन्मालेति— पुनः कीदृशी? **विद्युन्मालाविलासा** विद्युन्माला विद्युतत्समूहस्तद्वत् विलासो दीप्तिर्यस्यास्तादृशी। पुनः कीदृशी? **मुनिमनसि** मननशीलानां मनसि चित्ते **लसत्तन्तुरूपा** लसत् भासमानं तन्तुवत् सूत्रवद्रूपमाकृतिर्यस्यास्तादृशी। पुनः कीदृशी? **सुसूक्ष्मा** अतिशयसूक्ष्मा क्षीणा वा। पुनः कीदृशी? **शुद्धज्ञानप्रबोधा** शुद्धज्ञानस्य तत्त्वज्ञानस्य प्रबोधः प्रकाशो यस्यास्तादृशी। पुनः कीदृशी? **सकलसुखमयी** समस्त सुखस्वरूपा। पुनः कीदृशी? **शुद्धबोधस्वभावा** शुद्धबोधो निर्म्मलज्ञानमयः स्वभावो यस्यास्तादृशी। **तदास्ये** तस्या ब्रह्मनाड्या आस्येमुखे **ग्रन्थिस्थानम्** संधिस्थानम्, पद्मानामितिशेषः। **प्रविलसति** प्रकर्षेण शोभते वर्तत इत्यर्थः। कीदृशं **ब्रह्मद्वारं** ब्रह्मा सृष्टिकर्त्ता द्वारे यस्य तत्। पुनः कीदृशं? **सुधाधाररम्यप्रदेशम्** सुधाधारेण अमृतसंपातेन रम्यप्रदेशं मनोरमस्थानम्। **तत्** प्रस्तुत मेतत् ग्रन्थिस्थानं **सुषुम्णाख्यनाड्या** सुषुम्णायाः शिराया **वदनमिति** मुखमिति **लपन्ति** कथयन्ति, योगिन इति शेषः।

विद्युच्छ्रेणिप्रकाशाया अतिसूक्ष्मरूपायास्तस्या ब्रह्मनाड्या वदने ब्रह्मद्वारं पद्मानां ग्रन्थिस्थानं विलसति, तदेव योगिनः सुषुम्णावदनमित्यालपन्तीति भावार्थः। (स्रग्धरावृत्तम्) ॥ ३ ॥

भाषाटीका— **मेरुदण्ड**के बाहरकी ओर वाम और दक्षिण भागमें चन्द्र और सूर्य्यसे अधिष्ठिता दो नाडियां **ईडा** और **पिंगला** नाम करके वर्तमान है, अर्थात् **ईडा मेरुदण्ड**की बायीं ओरसे और **पिंगला** दाहिनी ओरसे लिपटी हुई है। (देखो चित्र नं० ६) फिर इसी **मेरुदण्ड**के मध्यमें **सुषुम्णा**नामकी नाडी है जो रज, सत, तम, तीनों गुणोंसे युक्त है, अथवा तीनगुणके सूत वा रज्जू ऐसीलिपटीहुइ चन्द्र, सूर्य्य, अग्नि करके अधिष्ठिता अर्थात् अत्यन्त प्रकाशमाना है। यह **सुषुम्णा** धतूरके पुष्प ऐसी खिली हुइ मूलद्वारसे निकल कर दोनों कंधोंके मध्य होती हुई मस्तकमें सहस्रदलतक चली गयी है। इसी **सुषुम्णा** नाडीके मध्य में एक दूसरी नाडी **वज्रा** नामकी लिंग देशसे निकल मस्तक तक चमकती हुई लग रही है ॥ १ ॥ पूर्वोक्त **वज्रा** नामकी नाडीके मध्य, प्रणव अर्थात् ॐकारयुक्त मकरेकेसूत ऐसी पतली, योगा

भ्यासद्वारा योगीयोंहीको विदित होने वाली **चित्रिणी** नामकी एक तीसरी नाडी मेरुदण्ड मध्यस्थित षट्चक्रोंको वेधतीहुई प्रकाशमान होरही है, इस **चित्रिणी** नाडीके मध्य एक और चौथीनाडी **ब्रह्मनाडी** नाम करके प्रसिद्ध षट्पद्मोंको मालाके समान पिरोती हुई और साधकोंको शुद्ध ज्ञान देती हुई **स्वयम्भूलिंग**के छिद्रसे निकल **सहस्रदल पद्म**की कर्णिकामें स्थित आदिदेव अर्थात् **परमशिव**के समीप चली गई है ॥२ ॥

यह **ब्रह्मनाडी** बिजलीकी माला ऐसी चमकीली मुनियोंके हृदयस्थ ब्रह्मसद्ब ऐसी प्रकाशमान अत्यन्त पतली शुद्ध ज्ञानकी देनेवाली संपूर्ण सुखसे भरीहुई है । इसी ब्रह्मनाडी के मुखमें **ब्रह्मद्वार** है जो मूलाधारकी कर्णिकाके बीचमें लगी हुई है, जिसमुख होकर मस्तककी ओरसे अमृत टपकरकर गिरता है, इसकारण यह स्थान अति रमणीय है । इसी ब्रह्मद्वारको पद्मोंका **ग्रन्थिस्थान** कहते हैं, और **सुषुम्णा**का मुखभी योगीलोग इसीको बतलाते हैं,॥३ (**सुषुम्णा,वज्रा, चित्रिणी,ब्रह्मनाड़ी**, इनचारोंका चित्र प्रत्येक पद्मोंके चित्रके ऊपर है देखलेना) ।

विदित होवे, कि साढेतीनलाख नाडियोंमें ७२०००और ७२००० मेंभी ३६ फिर उनमें १० उनमें भी तीन **इंडा, पिंगला, सुषुम्णा,** मुख्य हैं, जो प्राणियोंके जीवनके कारण हैं । क्योंकि इस शरीरकी आयु प्राणही है । श्रुतिका वचन है, कि **प्राणं देवा अनु- प्राणन्ति मनुष्याःपशवश्च ये, प्राणो हि भूतानामायुः०"** तैतिरीयोपनिषत् ।

अर्थात् देवता भी प्राणही द्वारा जीवित हैं। जितने मनुष्य या पशु हैं सब प्राण ही करके जीवित हैं। इसकारण भूतों अर्थात् जीवमात्रकी आयु प्राणही है। सो प्राण **इंडा, पिंगला, सुषु- म्णा**के द्वारा प्रवाह करता है । दिनरातमें कभी **इंडा,** कभी**पिंगला,** कभी **सुषुम्णा** में प्राण वायु प्रवाह करता रहता है । * जैसे बहुतेरी छोटी २ नदियां भिन्न २ स्थानों से निकल गंगा, यमुना और सरस्वतीके साथ मिल सब एकधार हो सागरमें जा गिरती हैं, ऐसेही शरीरकी सबनाड़ियां शरीरके सम्पूर्ण वायुके प्रवाह के संग बहतीहुई **इंडा, पिंगला, सुषुम्णा,**से मिल भ्रमध्यमें सब एकत्र हो मस्तककी ओर सहस्रदलरूप सागरमें जा-

* प्राणके प्रवाहकी चाल शिवस्वरोदयसे जानना ।

मिलती हैं; इसी कारण **प्राणायाम** करनेसे सम्पूर्ण शरीरकी नाड़ियां शुद्ध होजाती हैं।

साधकोंके बोध निमित्त शरीरके मुख्य२ नाडियोंके स्थान (**चित्र न० ६**)में अंकित कर दिखलाये गये हैं, जिनके नाम इस स्थानमें वर्णन कियेजाते हैं।

उक्त चित्रमें जो काली सर्पिणी ऐसी रेखा पद्मोंकी दाहिनी ओरसे लिपटी हुई है वह **पिंगला** है, और श्वेत रेखा जो वाम ओरसे लिपटी हुई है वह इंडा है॥

जो दलोंके मध्य होकर कई पतली रेखायें एक संग बीचों बीच देख पड़ती हैं. वे **सुषुम्णा, वज्रा, चित्रिणी** और **ब्रह्मनाडी**है। जो कदलीके स्तंभके परदोंके समान एक दूसरेके भीतर होती चलीगयी हैं। जिनका वर्णन पूर्वोक्त तीनों श्लोकोंमें होचुका है॥

